Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of RUB/ROB on level crossings on Gonda-Barhni railway line in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती):** हमारी सरकार में पहली बार 2015 में बजट में सर्वाधिक आर.ओ.बी./ आर.यू.बी. बनाने का निर्णय लिया गया था। हमारे क्षेत्र की एकमात्र रेल लाईन गोण्डा-बढ़नी रेल प्रखंड में निम्न स्थानों पर आर.ओ.बी./ आर.यू.बी. की नितांत आवश्यकता है। जिसके लिए हम 2014 के रेल बजट से ही मांग भी कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे के गोण्डा-बढ़नी प्रखंड पर गैजवां एवं कौवापुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेल पुल संख्या बी. 149 के निकट (कि.मी. 170/10) पर विगत 12 वर्षों से रेल प्रशासन ने अवरोध खड़ा करके आवागमन बंद कर रखा है जिसके कारण गैजहवां स्टेशन के पश्चिमी तरफ के 50 गाँवों के निवासी बलरामपुर जाने के लिए बहुत लंबी दूरी तय करते हैं। ज्ञातव्य है कि संदभिर्त रेल आर.ओ.बी. / आर.यू.बी. के निर्माण हेतु वर्ष 2004 से लगातार पत्राचार किया जा रहा है और मांग हो रही है, लेकिन रेल प्रशासन अभी तक अनिर्णय की स्थिति में ही बना हुआ है।

गोपालीपुर से कौवापुर व बड़गों जाने के लिए रेलवे फाटक से किसान अपनी बैलगाड़ी एवं ट्रैक्टर से गन्ना विक्रय के लिए जाते थे, उसे अब बंद कर दिया गया है जिसके कारण रेलवे लाईन के दोनों तरफ खेत के मालिक किसानों को भारी असुविधा हो रही है। उक्त समपार रेल फाटक (गेट) को पुनः खोलने की कृपा करें।

तीन तरफ से नालों के बीच ग्राम सभा बकौली डालपुर, लालपुर, भवनडीह, सोनपुर, सोनबरसा, संग्रामपुर लठावरडीह की जनता को मुख्य संपर्क मार्ग तक जाने के लिए कि.मी. 135/6-7 रेलवे क्रॉसिंग पर ओर.ओ.बी./ आर.यू.बी. का निर्माण करवाना आवश्यक है।

तुलसीपुर और लैबुडवा स्टेशन के बीच में मनकौरा काशीराम गाँव में नहर समपार गेट बना हुआ था जो गाँव के आवागमन का एकमात्र मार्ग है, आमान परिवर्तन में उसको भी बंद कर दिया गया है। जनहित में समपार अथवा आर.ओ.बी./आर.यू.बी. बनाना नितांत आवश्यक है।